# कार्यालय प्राचार्य, आदर्श उ0मा0वि0 सिविल लाइन्स, रीवा (म0प्र0)
## (माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा संचालित)
E-mail address- mhssrewa@gmail.com  Phone – (07662) 233943–297943

आ.वि./प्रवेश/सूचना क्र.–23/12167/2020  रीवा, दिनांक : 14/09/2020

## कक्षा 11वीं में मुख्य सूची के प्रावधिक (Provisional) रूप से प्रवेश हेतु चयनित प्रवेशार्थियों को प्रवेश शुल्क जमा कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का अंतिम अवसर

शैक्षणिक सत्र 2020–21 हेतु कक्षा 11वीं में नवीन प्रवेश हेतु मुख्य प्रवेश सूची में चयनित प्रवेशार्थियों में से कुछ प्रवेशार्थियों द्वारा अवगत कराया गया है कि ''कोरोना महामारी'' से निर्मित संकटपूर्ण परिस्थितियों के कारण तथा सर्वर संबंधी समस्याओं के कारण एवं प्रदेश स्तर पर शासन द्वारा प्रवेश की अंतिम तिथि नियत होने कारण पर्याप्त समय व अवसर प्राप्त नहीं होने से शुल्क जमा नहीं कर पाने पर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण नहीं कर सके है तथा मेरिट सूची में उच्च स्थान प्राप्त होने के कारण प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने के हेतु निवेदन किया गया है, साथ ही उच्च प्रशासनिक अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों द्वारा भी ऐसे प्रवेशार्थियों को शुल्क जमा करने हेतु एक और अवसर प्रदान करने की अनुशंसायें की गई है।

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर, द्वारा प्रवेश तिथि में वृद्धि हेतु पारित निर्णय के अनुक्रम में मा.शि.म. म.प्र. भोपाल द्वारा आदेश क्रमांक/1796/परीक्षा–समन्वय/2020 भोपाल, दिनांक 28.08.2020 प्रसारित कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु अंतिम तिथि 30.09.2020 निर्धारित की गई है। अतः कक्षा 11वीं में नवीन प्रवेश हेतु मुख्य सूची में प्रावधिक (Provisional) रूप से चयनित प्रवेशार्थियों को शुल्क भुगतान कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु दिनांक 15.09.2020 से दिनांक 18.09.2020 तक का अंतिम अवसर प्रदान कर निम्नानुसार दिशा निर्देश एवं समय सारणी निर्धारित की जाती है :–

### 1) दिशा निर्देश :–

1. प्रावधिक सूची में चयनित प्रवेशार्थियों को एप्लीकेशन नं. का उपयोग कर ऑनलाइन एडमिशन फार्म तथा शुल्क निर्धारित अवधि में अनिवार्यतः करना होगा।
2. ऑनलाइन भरे गये एडमिशन फार्म का **''भुगतान है''** के पृष्ठों का प्रिंट आउट के साथ अपलोड किये गये दस्तावेजो की छायाप्रतियाँ तथा आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ एवं उनके मूल दस्तावेज सत्यापन हेतु संस्था में निर्धारित अवधि में अनिवार्यतः प्रस्तुत करना होगा।
3. प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु प्रदान किये जा रहे इस अंतिम अवसर की निर्धारित अवधि में ऑनलाइन एडमिशन फार्म एवं शुल्क नही जमा करने पर तथा दस्तावेजों का सत्यापन नहीं करवाने पर प्रवेश स्वतः निरस्त हो जावेगा।
4. आवेदन पत्र में असत्य जानकारी अंकित करने तथा नकली दस्तावेज अपलोड/प्रस्तुत करने पर प्रवेश स्वतः निरस्त हो जावेगा तथा जमा किया गया शुल्क वापस नहीं किया जा सकेगा।
5. कक्षा 11 वीं के नवीन प्रवेशार्थियों को एडमिशन फार्म के साथ निम्नानुसार ऑनलाइन का शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा।

| कक्षा | गणित | बायोलॉजी | कामर्स | कृषि |
|---|---|---|---|---|
| 11वीं | 2672/– | 2767/– | 2492/– | 2767/– |

### 2) समय सारणी –

| ऑनलाइन एडमिशन फार्म एवं शुल्क भरने हेतु लिंक आरंभ होने की तिथि | ऑनलाइन एडमिशन फार्म एवं शुल्क भरने हेतु लिंक बंद होने की तिथि | चयनित प्रवेशार्थियों द्वारा ऑनलाइन भरा गया फार्म एवं संलग्न किये गये दस्तावेज विद्यालय में सत्यापन हेतु प्रस्तुत कर प्रवेश सुनिश्चित करने की अवधि | ऑनलाइन एडमिशन फार्म भरने एवं शुल्क जमा करने हेतु लिंक |
|---|---|---|---|
| 15.09.2020 | 18.09.2020 | 15.09.2020 को दोपहर 12:00 बजे से 19.09.2020 को सायं 05 बजे तक | https://modelhssrewa.org.in/ अथवा https://osms.mponline.gov.in/ MHSSREWA |

प्राचार्य
आदर्श उ.मा.वि.
सिविल लाइन्स, रीवा (म.प्र.)